Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 24-03-2005
Participants : Modi Shri Sushil Kumar,Yadav Shri Ram Kripal

Title: Need to check incidents of harassment of students from Bihar appearing in railway recruitment exams in other states.

श्री सुशील कुमार मोदी (भागलपुर) : अध्यक्ष महोदय, बिहार के जिन युवकों को रेल विभाग में पीडब्ल्यूआई के अंदर ट्रैक मैन, ग्रेड 'डी' की नौकरियां मिली थीं, वे युवक जब 11 मार्च को असम में नौकरी ज्वाइन करने के लिए गये तो वहां ऑल असम स्टूडैंट्स यूनियन के लोगों ने तिनसुखिया डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों और होटलों में घुस-घुस कर लड़कों को पीटने का काम किया। …(व्यवधान)

MR. SPEAKER: That had happened sometime back.

श्री सुशील कुमार मोदी : अध्यक्ष महोदय, वे लड़के अभी परसों लौट कर आये हैं। उन लड़कों को वहां पीटा गया तथा उनके एप्वाइंटमैंट लैटर्स को फाड़ दिया गया। उनसे कहा गया कि बिहार और झारखंड के लड़कों को हम असम में नौकरी नहीं करने देंगे। 70 से ज्यादा लड़के वहां से भागकर बिहार आये हैं। इतना ही नहीं, असम में जो बिहारी कर्मचारी रेलवे में काम कर रहे हैं, वे भी लौटकर आ गये हैं। उन्होंने इस संबंध में रेल मंत्री जी को पत्र लिखा तथा उनसे मिलकर कहा कि आप हमारा ट्रांसफर किसी दूसरे स्थान पर कर दीजिए। यहां असम के सांसद बैठे हुए हैं।

मैं आपके माध्यम से अपील करना चाहूंगा कि वहां कांग्रेस की सरकार है। बिहारी लड़कों पर पहले भी जब इस प्रकार का हमला हुआ, तो उस पर भारी प्रतिक्रिया हुई थी। वह सारी घटना आपको मालूम है। मुझे मालूम है कि अल्फा और उसके द्वारा जो प्रेरित लोग हैं, वे इस घटना के पीछे हैं। इस कारण बिहार और असम के बीच अनावश्यक तनाव पैदा हो रहा है। चूंकि रेल मंत्री जी भी बिहार के हैं इसलिए उनका दायित्व बनता है कि असम में बिहारी लड़कों पर जो हमले हो रहे हैं, उससे उनको बचाया जाये तथा सारे लड़कों की ज्वाइनिंग कराई जाये। अगर आवश्यक हो तो उनको किसी दूसरे स्थान पर नौकरी करने के लिए भेजा जाये। इस बात को भी निश्चित कर दिया जाये कि बिहारी लड़कों पर भविय में इस प्रकार के हमले दोबारा न हों। धन्यवाद।

श्री राम कृपाल यादव : अध्यक्ष महोदय, बजट सैशन में मैंने भी मंत्री जी को इस संबंध में एक आवेदन दिया था लेकिन अभी तक उसपर कोई कार्रवाई नहीं हुई। …(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nothing will be recorded.

(Interruptions) …*

MR. SPEAKER: I am sure the hon. Minister has taken note of it.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Nothing will be recorded except the statement of Shri Arjun Sethi.

(Interruptions) …*